Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

Test Date	19/08/2025
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB NTPC Under Graduate CBT I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Awareness**

Q.1 **2025 के IPL सीज़न में 700 से अधिक रन बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी कौन बने?**

Ans
✔ 1. साई सुदर्शन
✘ 2. यशस्वी जायसवाल
✘ 3. शुभमन गिल
✘ 4. ऋतुराज गायकवाड़

Q.2 **भारत में संवैधानिक विकास की दिशा में पहला कदम किस अधिनियम को माना जाता है?**

Ans
✘ 1. पिट्स इंडिया अधिनियम, 1784
✘ 2. चार्टर अधिनियम, 1813
✘ 3. भारतीय परिषद अधिनियम, 1861
✔ 4. विनियमन अधिनियम, 1773

Q.3 **शुष्क क्षेत्रों में भूमि निम्नीकरण को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति सबसे उपयुक्त है?**

Ans
✘ 1. स्थानांतरी कृषि (Shifting cultivation)
✔ 2. रक्षक पट्टी रोपण (Shelterbelt plantation)
✘ 3. सोपानी कृषि (Terrace farming)
✘ 4. समोच्च जुताई (Contour ploughing)

Q.4 **हाल ही में, मालदीव के माले में आयोजित 13वीं शासी परिषद की बैठक के दौरान, भारत ने बांग्लादेश से किस संगठन की अध्यक्षता ग्रहण की?**

Ans
✘ 1. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघठन (SAARC)
✘ 2. बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (BIMSTEC)
✔ 3. बंगाल की खाड़ी अंतर-सरकारी संगठन (BOBP-IGO)
✘ 4. हिन्द महासागर तटीय सहयोग संघ (IORA)

Q.5 **निम्नलिखित में से क्या, भारत में जिला न्यायालयों का एक प्राथमिक कार्य है?**

Ans
✘ 1. केंद्र और राज्य सरकारों के मध्य विवादों का निपटारा करना
✔ 2. जिले के भीतर निचले न्यायालय से अपील की सुनवाई करना
✘ 3. मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए रिट जारी करना (उच्च न्यायालय के बिना)
✘ 4. भारत के राष्ट्रपति को सलाह देना

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.6 किस विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने भारत की पहली जीन-संशोधित भेड़ का उत्पादन किया?

Ans
✗ 1. IIT मद्रास
✗ 2. IIT कानपुर
✗ 3. चंडीगढ़ विश्वविद्यालय
✓ 4. शेर-ए-कश्मीर विश्वविद्यालय

Q.7 नवंबर 2024 में दोहा, कतर में IBSF विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप में किस भारतीय बिलियर्ड खिलाड़ी ने 28वां विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीता?

Ans
✓ 1. पंकज आडवाणी
✗ 2. रूपेश शाह
✗ 3. सौरभ कोठारी
✗ 4. यासीन मर्चेंट

Q.8 राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) द्वारा मई 2025 में प्रारंभ की गई यशोदा AI पहल का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
✗ 1. महिला उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना
✗ 2. महिला कारीगरों के बीच पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देना
✗ 3. ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना
✓ 4. महिलाओं में AI साक्षरता और डिजिटल जागरूकता बढ़ाना

Q.9 निम्नलिखित में से किस स्वतंत्रता सेनानी ने वन कानूनों के विरुद्ध, 1922 के रम्पा विद्रोह का नेतृत्व किया था?

Ans
✗ 1. अशफाक उल्ला खां
✗ 2. जतीन्द्रनाथ दास
✓ 3. अल्लूरी सीताराम राजू
✗ 4. सूर्य सेन

Q.10 1639-1640 ई. में निर्मित, भारत के चेन्नई में स्थित कौन-सी संरचना, ऐतिहासिक रूप से प्राथमिक अंग्रेजी रक्षा चौकी के रूप में जानी जाती है?

Ans
✗ 1. फोर्ट सेंट डेविड
✗ 2. जिंजी फोर्ट
✓ 3. फोर्ट सेंट जॉर्ज
✗ 4. सद्रास डच फोर्ट

Q.11 शरीर में अतिरिक्त कार्बोहाइड्रेट का क्या होता है?

Ans
✗ 1. वे प्रोटीन में बदल जाते हैं।
✗ 2. इन्हें अमीनो एसिड में परिवर्तित कर संग्रहित किया जाता है।
✓ 3. वे वसा में परिवर्तित होकर संग्रहित हो जाते हैं।
✗ 4. इन्हें तुरंत बाहर निकाल दिया जाता है।

Q.12 रॉलेट सत्याग्रह के आयोजन में, महात्मा गांधी को _____ स्थित फिरंगी उलेमा समूह के अब्दुल बारी ने सहायता प्रदान की थी।

Ans
✗ 1. अलीगढ़
✗ 2. कानपुर
✗ 3. पटना
✓ 4. लखनऊ

Q.13 नदी अपरदन के बाद बची हुई सपाट या मंद ढलान वाली सतह, जिसमें प्रायः कुछ प्रतिरोधी अवशेष होते हैं, उसे _____ कहा जाता है?

Ans
✔ 1. समप्रायभूमि (Peneplain)
✘ 2. बाढ़कृत मैदान (Floodplain)
✘ 3. मोनैड्नॉक (Monadnock)
✘ 4. पठार (Plateau)

Q.14 वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 द्वारा पेश किया गया एक प्रमुख सुधार क्या था?

Ans
✔ 1. वक्फ बोर्डों में मुस्लिम महिलाओं का समावेशन
✘ 2. पुरानी वक्फ संपत्तियों का उन्मूलन
✘ 3. वक्फ संपत्तियों के लिए ऑडिट छूट
✘ 4. केवल पादरीवर्ग वक्फ प्रबंधन

Q.15 1991 के संकट के दौरान भारत की उदारीकरण नीति का समर्थन करने में किस संस्था ने प्रमुख भूमिका निभाई थी?

Ans
✔ 1. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
✘ 2. नीति आयोग
✘ 3. भारतीय निर्वाचन आयोग
✘ 4. भारतीय रिजर्व बैंक

Q.16 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, ऑपरेटिंग सिस्टम के मुख्य कार्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✘ 1. उच्च-स्तरीय कोड कम्पाइल करना
✘ 2. अंकगणितीय ऑपरेशन करना
✔ 3. कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर संसाधनों को मैनेज करना
✘ 4. वेब पेजों को डिस्प्ले करना

Q.17 इसरो ने 2025 में, अपने 100वें मिशन के लिए निम्नलिखित में से किस लॉन्च व्हीकल (launch vehicle) का उपयोग किया?

Ans
✘ 1. PSLV C58
✘ 2. LV Mk III
✘ 3. SSLV D2
✔ 4. GSLV F15

Q.18 बच्चों को शिक्षित करने के लिए माता-पिता पर कर्तव्य लगाने के लिए 86वें संशोधन द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद पेश किया गया था?

Ans
✔ 1. अनुच्छेद 51A(k)
✘ 2. अनुच्छेद 21A
✘ 3. अनुच्छेद 39A
✘ 4. अनुच्छेद 45

Q.19 22 मार्च 2025 को वैश्विक स्तर पर मनाए जाने वाले विश्व जल दिवस का फोकस क्या था?

Ans
✘ 1. शांति के लिए जल
✘ 2. त्वरित परिवर्तन
✘ 3. जल और जलवायु परिवर्तन
✔ 4. ग्लेशियर संरक्षण

Q.20 फरवरी 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी (BJP) ने कितनी सीटें जीतीं?

Ans
- ✔ 1. 48
- ✘ 2. 22
- ✘ 3. 62
- ✘ 4. 70

Q.21 निम्नलिखित में से किस सरकारी कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय शहरों में शहरी अवसंरचना में सुधार लाना है?

Ans
- ✘ 1. स्वच्छ भारत ग्रामीण
- ✔ 2. स्मार्ट सिटी मिशन
- ✘ 3. अटल भूजल योजना
- ✘ 4. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

Q.22 भारत में केंद्रीय मंत्रिपरिषद द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी शक्तियों का प्रयोग किया जाता है?

Ans
- ✘ 1. राज्य विधानमंडलों का पर्यवेक्षण करना
- ✘ 2. न्यायिक समीक्षा करना
- ✔ 3. नीतियां बनाना और राष्ट्रपति को सलाह देना
- ✘ 4. युद्ध की घोषणा करना

Q.23 भारत में किस ऋतु में उच्च तापमान और निम्न आर्द्रता होती है?

Ans
- ✘ 1. मानसून के निवर्तन की ऋतु
- ✘ 2. शीत ऋतु
- ✔ 3. ग्रीष्म ऋतु
- ✘ 4. दक्षिण-पश्चिमी मानसून की ऋतु

Q.24 ध्वनि तरंग की आवृत्ति (f) और काल अवधि (T) के बीच क्या संबंध है?

Ans
- ✔ 1. $f = 1/T$
- ✘ 2. $f = 2T$
- ✘ 3. $f = T$
- ✘ 4. $f = T/2$

Q.25 पॉल एर्लिच को पहला कीमोथेरेप्यूटिक एजेंट, साल्वार्सन की खोज के लिए किस वर्ष नोबेल पुरस्कार मिला था?

Ans
- ✔ 1. 1908
- ✘ 2. 1913
- ✘ 3. 1905
- ✘ 4. 1901

Q.26 भारत का उत्तरी मैदान तीन प्रमुख नदी तंत्रों अर्थात् सिंधु, गंगा और _____ तथा उनकी सहायक नदियों की परस्पर क्रिया से निर्मित है।

Ans
- ✘ 1. महानदी
- ✘ 2. दामोदर
- ✔ 3. ब्रह्मपुत्र
- ✘ 4. नर्मदा

Q.27 संपूर्ण मुगल साम्राज्य में अकबर के अधीन, राजस्व और वित्तीय पर्यवेक्षण के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदाई था?

Ans
- ✘ 1. वकील
- ✘ 2. सूबेदार
- ✔ 3. दीवान-ए-कुल
- ✘ 4. मीर बख्शी

Q.28 1947 में स्वतंत्रता के समय भारत की अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं में से एक क्या थी?

Ans
✗ 1. विनिर्माण में आत्मनिर्भरता
✗ 2. मजबूत व्यापार अधिशेष
✗ 3. सेवा क्षेत्र का प्रभुत्व
✓ 4. कृषि पर अत्यधिक निर्भरता और निम्न उत्पादकता

Q.29 कुछ फाइल प्रबंधन प्रोग्रामों में, सेलेक्ट किए गए आइटम को मूव करने के स्थान पर उसे कॉपी करने के लिए किस शॉर्टकट कुंजी (key) संयोजन का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. Alt + Del
✗ 2. Alt + Tab
✓ 3. Alt + Ins
✗ 4. Alt + F4

Q.30 निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में पवन ऊर्जा का सर्वोत्तम उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. मध्य प्रदेश
✓ 2. गुजरात
✗ 3. बिहार
✗ 4. झारखंड

Q.31 8वीं शताब्दी ई. के दौरान, निम्नलिखित में से किस राजपूत शासक ने मालवा में गुर्जर-प्रतिहार राजवंश की स्थापना की?

Ans
✗ 1. मिहिर भोज
✗ 2. वत्सराज
✓ 3. नागभट्ट प्रथम
✗ 4. ध्रुव

Q.32 भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध तमाड़ आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किसने किया?

Ans
✗ 1. तिलका मांझी
✗ 2. सिद्धू मुर्मू
✗ 3. गंगा नारायण सिंह
✓ 4. भोला नाथ सहाय

Q.33 2025 में बांग्लादेश किस महत्वपूर्ण अंतरिक्ष-संबंधी समझौते में शामिल हुआ?

Ans
✗ 1. चंद्रमा संधि (The Moon Treaty)
✗ 2. स्पेसएक्स अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी (The SpaceX International Partnership)
✗ 3. बाह्य अंतरिक्ष संधि (The Outer Space Treaty)
✓ 4. आर्टेमिस समझौता (The Artemis Accords)

Q.34 सुधार के बाद के युग में, राजकोषीय दूरदर्शिता मैक्रोइकोनोमिक (macroeconomic) स्थिरता के लिए केंद्रीय बन गया। भारत में राजकोषीय अनुशासन को संस्थागत बनाने के लिए, 2003 में निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम लागू किया गया था?

Ans
✗ 1. कंपनियां अधिनियम (Companies Act)
✗ 2. फेमा अधिनियम (FEMA Act)
✗ 3. बैंकिंग विनियमन अधिनियम (Banking Regulation Act)
✓ 4. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (Fiscal Responsibility and Budget Management Act)

Q.35 मई 2025 में पाकिस्तान द्वारा किए गए हमलों के दौरान ड्रोन और मिसाइलों को रोकने के लिए भारत द्वारा सुदर्शन चक्र नामक किस मिसाइल रक्षा प्रणाली का उपयोग किया गया था?

Ans
✗ 1. बराक 8
✗ 2. पृथ्वी एयर डिफेंस
✓ 3. S-400 ट्रायम्फ
✗ 4. आकाशतीर

Q.36 अवसंरचना विकास में सरकारों द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने का मुख्य कारण क्या है?

Ans
✓ 1. निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता के माध्यम से दक्षता और नवाचार में सुधार करना
✗ 2. प्रशिक्षित जनशक्ति की कमी के कारण
✗ 3. सभी राष्ट्रीय संसाधनों का निजीकरण करना
✗ 4. राजकोषीय बाधाओं को दूर करना और देयताओं को कम करना

Q.37 मई 2025 में, भारत ने किस स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान कार्यक्रम के निष्पादन मॉडल को मंजूरी दी?

Ans
✓ 1. उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (AMCA)
✗ 2. तेजस एमके2 (Tejas Mk2)
✗ 3. HAL ट्विन इंजन डेक आधारित फाइटर (TEDBF)
✗ 4. मध्यम लड़ाकू विमान (MCA)

Q.38 अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 किस प्राधिकारी (authority) को अखिल भारतीय सेवा भर्ती के लिए नियम बनाने की अनुमति देता है?

Ans
✗ 1. भारत की संसद
✓ 2. केंद्र सरकार
✗ 3. भारत के राष्ट्रपति
✗ 4. संघ लोक सेवा आयोग

Q.39 मार्च 2025 में भारत में सेपक टकरा 2025 विश्व कप (ISTAF), निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया गया था?

Ans
✗ 1. नई दिल्ली
✓ 2. पटना
✗ 3. बेंगलुरु
✗ 4. मुंबई

Q.40 संस्कृत भाषा का प्रयोग मुख्यतः निम्नलिखित में से किसकी रचना के लिए किया जाता है?

Ans
✗ 1. लोकगीत और पॉप संगीत
✓ 2. प्राचीन धार्मिक ग्रंथ और महाकाव्य
✗ 3. आदिवासी कहानियाँ
✗ 4. आधुनिक उपन्यास

Section : Mathematics

Q.1 प्रथम 150 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 150.5
✓ 2. 150
✗ 3. 149.5
✗ 4. 151

Q.2 यदि पहली संख्या का 18%, दूसरी संख्या के $\frac{2}{5}$ वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या का दूसरी संख्या से अनुपात कितना है?

Ans
✔ 1. 20 : 9
✘ 2. 21 : 6
✘ 3. 16 : 10
✘ 4. 18 : 7

Q.3 यदि किसी निश्चित धनराशि पर दूसरे वर्ष के दौरान अर्जित ब्याज ₹3,342 है, और ब्याज की दर 20% वार्षिक है जो वार्षिक रूप से संयोजित होती है, तो धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. ₹13,285
✘ 2. ₹14,900
✔ 3. ₹13,925
✘ 4. ₹14,075

Q.4 16 + 12 ÷ 6 − 3 × 4 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 5
✔ 2. 6
✘ 3. 9
✘ 4. 8

Q.5 प्रशांत और निशा को अपनी-अपनी कारों से दिल्ली से कानपुर जाना है। प्रशांत 72 km/hr की चाल से गाड़ी चला रहा है जबकि निशा 64 km/hr की चाल से गाड़ी चला रही है। यदि प्रशांत को कानपुर पहुँचने में 16 घंटे लगते हैं, तो निशा को कानपुर पहुँचने में कितना समय लगेगा?

Ans
✘ 1. 20 घंटे
✔ 2. 18 घंटे
✘ 3. 8 घंटे
✘ 4. 24 घंटे

Q.6 दो संख्याओं का म.स.प. (HCF) 9 है और दोनों संख्याओं का गुणनफल 8100 है। संख्याओं के कितने युग्म दी गई शर्तों को संतुष्ट करते हैं?

Ans
✘ 1. 5
✔ 2. 2
✘ 3. 3
✘ 4. 4

Q.7 पाइप P, किसी टैंक के $\frac{3}{7}$ भाग को 12 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{5}{6}$ भाग को 10 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 2 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, और फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया जाता है जो टैंक के पानी को 5 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
✘ 1. 33 घंटे
✘ 2. 24 घंटे
✔ 3. 14 घंटे
✘ 4. 27 घंटे

Q.8 एक परिवार के पांच सदस्यों का औसत वजन (kg में) कितना होगा यदि उस परिवार के व्यक्तियों का वजन 40 kg, 49 kg, 56 kg, 75 kg और 35 kg है?

Ans
✘ 1. 53
✘ 2. 52
✔ 3. 51
✘ 4. 50

Q.9 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$18 \times (3 \times (3^2)) \div 13 + 66 - 74$

Ans

✗ 1. $\frac{387}{13}$

✓ 2. $\frac{382}{13}$

✗ 3. $\frac{389}{13}$

✗ 4. $\frac{391}{13}$

Q.10 75 का 65%, 15 के $\frac{4}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans

✗ 1. 34.75

✗ 2. 33.75

✓ 3. 36.75

✗ 4. 30.75

Q.11 एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹1,200 है। इस पर 20% और 10% की क्रमिक छूट दी गई है। अंतिम विक्रय मूल्य कितना है?

Ans

✗ 1. ₹960

✗ 2. ₹880

✓ 3. ₹864

✗ 4. ₹900

Q.12 विहान को 15 घंटे में 861 km दूर बेंगलुरु पहुँचना है। 8 घंटे के लिए उसकी प्रारंभिक चाल 37 km/hr थी। अगले 136 km के लिए उसकी चाल 34 km/hr थी। 15 घंटे के निर्धारित समय में बेंगलुरु पहुँचने के लिए उसे अब किस चाल से यात्रा करनी होगी?

Ans

✗ 1. 141 km/hr

✓ 2. 143 km/hr

✗ 3. 146 km/hr

✗ 4. 147 km/hr

Q.13 दो क्रमागत धनात्मक प्राकृतिक संख्याओं का गुणनफल 650 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या कौन-सी है?

Ans

✗ 1. 31

✓ 2. 26

✗ 3. 43

✗ 4. 29

Q.14 एक शर्ट का अंकित मूल्य ₹800 है। एक दुकानदार इस पर 25% की छूट प्रदान करता है। छूट के बाद शर्ट का विक्रय मूल्य कितना है?

Ans

✗ 1. ₹700

✓ 2. ₹600

✗ 3. ₹750

✗ 4. ₹650

Q.15 किसी वर्ग का परिमाप 340 m है। इसका क्षेत्रफल (m^2 में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 7225
✘ 2. 7207
✘ 3. 7200
✘ 4. 7204

Q.16 $\frac{1}{\text{secA}(1-\text{tanA})}+\frac{1}{\text{cosecA}(1-\text{cotA})}$ का मान कितना होगा?

Ans
✘ 1. $\text{cosA}-\text{sinA}$
✔ 2. $\text{cosA}+\text{sinA}$
✘ 3. cosA sinA
✘ 4. $\frac{1}{\text{cosA sinA}}$

Q.17 x का वह मान ज्ञात कीजिए जो निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करता है।
$3(2x^2 - 5) - 2(3x^2 + 4x - 8) = 20$

Ans
✔ 1. $-\frac{19}{8}$
✘ 2. $-\frac{29}{8}$
✘ 3. $-\frac{11}{8}$
✘ 4. $-\frac{21}{8}$

Q.18 संख्या 311916399 निम्न में से किससे विभाज्य है?

Ans
✘ 1. 13
✘ 2. 7
✘ 3. 2
✔ 4. 3

Q.19 यदि एक पिता की आयु में उसके पुत्र की आयु का 2 गुना जोड़ा जाए, तो योग 36 वर्ष होता है। यदि पिता की आयु का 2.5 गुना, उसके पुत्र की आयु में जोड़ा जाए, तो योग 72 वर्ष होता है। पिता की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 31
✔ 2. 27
✘ 3. 23
✘ 4. 32

Q.20 अमन और पवन ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹76,500 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹20,000 के कुल लाभ में से, पवन का हिस्सा ₹4,800 था। उनके निवेशों में कितना अंतर था?

Ans
✘ 1. ₹39,923
✘ 2. ₹41,601
✔ 3. ₹39,780
✘ 4. ₹40,609

Q.21 किसी वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के $\frac{8}{13}$ पर बेचने पर, रमेश को 20% की हानि होती है। यदि वह इस वस्तु को उसके वास्तविक विक्रय मूल्य के 85% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 12.3%
✗ 2. 9.3%
✓ 3. 10.5%
✗ 4. 8.2%

Q.22 दो संख्याओं का म.स.प. (H.C.F.) और ल.स.प. (L.C.M.) क्रमशः 51 और 306 है। यदि उनमें से एक संख्या 102 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 102
✗ 2. 175
✓ 3. 153
✗ 4. 204

Q.23 14 cm व्यास वाले गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
✗ 1. $716\ cm^2$
✗ 2. $516\ cm^2$
✗ 3. $816\ cm^2$
✓ 4. $616\ cm^2$

Q.24 ABCD एक समलम्ब है जिसमें $BC \parallel AD$ और AC = CD है। यदि ∠ABC = 17° और ∠BAC = 125° है, तो ∠ACD की माप (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 95°
✓ 2. 104°
✗ 3. 106°
✗ 4. 105°

Q.25 नितिन ने ₹180/दर्जन की दर से कुछ शार्पनर खरीदे। उसने ₹20 प्रति शार्पनर की दर से उन्हें बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत _____ % है। (दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित करें।)

Ans
✗ 1. 35.33
✓ 2. 33.33
✗ 3. 31.33
✗ 4. 37.33

Q.26 दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, 80% पंजीकृत मतदाताओं ने मतदान किया और डाले गए मतों में से 20% अवैध पाए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध मतों का 60% प्राप्त हुआ और उसने 2144 मतों के अंतर से चुनाव जीत लिया। पंजीकृत मतदाताओं की संख्या कितनी थी?

Ans
✓ 1. 16750
✗ 2. 16747
✗ 3. 16749
✗ 4. 16753

Q.27 3% प्रति माह की ब्याज दर से ₹1,200 पर 7 महीनों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 21
✗ 2. 41
✓ 3. 252
✗ 4. 42

Q.28 यदि 6 अंकों की संख्या N65M04, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध दे सकता है?

Ans
✗ 1. M = N
✗ 2. M + N = 5
✗ 3. M - N = 1
✓ 4. M - N = -5

Q.29 ₹616 की धनराशि को तीन व्यक्तियों के बीच 5 : 12 : 11 के अनुपात में बांटा जाता है। बंटन में सबसे बड़े हिस्से और सबसे छोटे हिस्से के बीच अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 112
✗ 2. 86
✓ 3. 154
✗ 4. 69

Q.30 A किसी कार्य को 17 दिनों में कर सकता है और B उसी कार्य को 19 दिनों में कर सकता है। यदि वे दोनों मिलकर 6 दिन कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष बचता है?

Ans
✗ 1. $\frac{109}{323}$
✓ 2. $\frac{107}{323}$
✗ 3. $\frac{110}{323}$
✗ 4. $\frac{104}{323}$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 सभी 45 लोग उत्तर की ओर मुंह करके एक पंक्ति में खड़े हैं। टीना दाएं छोर से 20वें स्थान पर है जबकि बेलामित बाएं छोर से 28वें स्थान पर है। टीना और बेलामित के बीच कितने लोग हैं?

Ans
✗ 1. तीन
✓ 2. एक
✗ 3. दो
✗ 4. चार

Q.2 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

CE 17 GI 19 KM 23 OQ 29 ?

Ans
✗ 1. RU 37
✗ 2. RT 37
✓ 3. SU 37
✗ 4. ST 37

Q.3 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन: सभी छेनी, हथौड़ा हैं। कोई भी हथौड़ा, मक्का नहीं है।

निष्कर्ष (I): कोई भी छेनी, मक्का नहीं है।
निष्कर्ष (II): कुछ मक्का, हथौड़ा हैं।

Ans
✔ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.4 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक करके रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। F को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। F और C के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। E को F के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। C और D के बीच केवल G को रखा गया है। B को C के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। C और D के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
✔ 1. 1
✘ 2. 4
✘ 3. 2
✘ 4. 3

Q.5 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 617 259 165 784 349 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक को सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक से घटाया जाए, तो प्राप्त परिणाम क्या होगा?

Ans
✔ 1. 3
✘ 2. 1
✘ 3. 4
✘ 4. 2

Q.6 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

UTP CBX KJF SRN ?

Ans
✔ 1. AZV
✘ 2. AVZ
✘ 3. VZA
✘ 4. VAZ

Q.7 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तथा '–' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

24 + 3 × 10 – 2 ÷ 41 = ?

Ans
✔ 1. 29
✘ 2. 22
✘ 3. 41
✘ 4. 36

Q.8 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, दूसरी संख्या, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके प्राप्त की गई है। उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

30, 125
25, 105

Ans
✗ 1. 35, 130
✗ 2. 15, 60
✗ 3. 40, 155
✓ 4. 20, 85

Q.9 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, LEAV का संबंध एक निश्चित तरीके से SLHC से है। उसी तरीके से, NGCX का संबंध UNJE से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, IBXS का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
✓ 1. PIEZ
✗ 2. PEZI
✗ 3. PIZE
✗ 4. PZEW

Q.10 वस्लम, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 17 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है, फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर वह अंत में दाएं मुड़ता है और 22 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर वापस से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 4 km पूर्व की ओर
✗ 2. 1 km दक्षिण की ओर
✓ 3. 3 km दक्षिण की ओर
✗ 4. 2 km पश्चिम की ओर

Q.11 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

कुछ गूगल, एप्पल हैं।
कुछ एप्पल, अमेजन हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ गूगल, अमेजन हैं।
II. कोई भी गूगल, अमेजन नहीं है।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✓ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.12 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

45 63 87 105 129 147 171 ?

Ans
✓ 1. 189
✗ 2. 193
✗ 3. 185
✗ 4. 197

Q.13 यदि संख्या 8265943 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✗ 1. तीन
✗ 2. एक
✓ 3. दो
✗ 4. एक भी नहीं

Q.14 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A ¥ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
यदि 'D ¥ O ÷ I + N @ G' है, तो D का G से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पत्नी के भाई की पत्नी
✓ 2. पत्नी का भाई
✗ 3. पत्नी के पिता की बहन
✗ 4. पत्नी का पिता

Q.15 सात व्यक्ति, A, B, C, D, P, Q और R, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। Q के बाईं ओर कोई नहीं बैठा है। Q और D के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। R के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, P के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, R का निकटतम पड़ोसी नहीं है। B के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✓ 1. R
✗ 2. A
✗ 3. C
✗ 4. D

Q.16 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से PXTQ का संबंध NVRO से है। उसी तरीके से, MUQN का संबंध KSOL से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से JRNK का संबंध किससे है?

Ans
✗ 1. PHLI
✓ 2. HPLI
✗ 3. PHIL
✗ 4. HPIL

Q.17 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. ND - QX
✗ 2. SJ - VE
✗ 3. AP - DK
✗ 4. YG - BB

Q.18 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. NK–II
✗ 2. IF–EB
✗ 3. TQ–PM
✗ 4. ZW–VS

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से VALG का संबंध YYOE से है। उसी तरीके से, BWRC का संबंध EUUA से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से HSXY का संबंध किससे है?

Ans
✗ 1. LPZV
✗ 2. JRBU
✗ 3. LQBW
✓ 4. KQAW

Q.20 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

9 23 49 83 129 183 ?

Ans
✗ 1. 294
✓ 2. 249
✗ 3. 250
✗ 4. 254

Q.21 यदि + का अर्थ –, – का अर्थ ×, × का अर्थ ÷ और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

21 + 70 × 10 ÷ 5 – 2 = ?

Ans
✗ 1. 42
✗ 2. 18
✗ 3. 36
✓ 4. 24

Q.22 सात बॉक्स C, D, E, M, N, O और P एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हों।
O और M के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल E को N के ऊपर रखा गया है। M के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। C को D के नीचे किसी स्थान पर लेकिन P के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
कौन-सा बॉक्स P के ऊपर तीसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
✗ 1. N
✗ 2. C
✗ 3. M
✓ 4. D

Q.23 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'WHAT' को '3157' और 'HORN' को '2416' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'H' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 6
✗ 2. 2
✗ 3. 5
✓ 4. 1

Q.24 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. XB - BV
✓ 2. HR - ML
✗ 3. CU - GO
✗ 4. ZJ - DD

Q.25 यदि संख्या 925746 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 4 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनने वाले सबसे बड़े और दूसरे सबसे छोटे अंक के बीच कितना अंतर होगा?

Ans
✗ 1. 6
✗ 2. 7
✗ 3. 4
✓ 4. 5

Q.26 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

96 105 115 126 138 ?

Ans
✗ 1. 150
✗ 2. 120
✓ 3. 151
✗ 4. 152

Q.27 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) ^ > & 5 > ^ 3 6 < + $ % * % 7 1 % 2 + 2 1 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
✗ 1. तीन
✓ 2. दो
✗ 3. एक भी नहीं
✗ 4. एक

Q.28 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G के बाएं से गिनने पर C और G के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। A, D के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। E, D के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। E, C के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। B, A का निकटतम पड़ोसी है। B के दाएं से गिनने पर B और E के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 3
✗ 3. 1
✓ 4. 2

Q.29 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'BIRD' को '7394' और 'DRIP' को '4392' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'P' का कूट क्या है?

Ans
✓ 1. 2
✗ 2. 9
✗ 3. 4
✗ 4. 3

Q.30 विजय अपने घर से उत्तर दिशा की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करके अपने कार्यालय पहुँचता है। उसके घर के सापेक्ष कार्यालय किस दिशा में है?
(जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं)

Ans
✗ 1. उत्तर
✗ 2. उत्तर-पश्चिम
✓ 3. पश्चिम
✗ 4. दक्षिण-पश्चिम